Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to upgrade Post Office Passport Sewa Kendra, Ajmer, Rajasthan -laid.

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): अजमेर संभाग मुख्यालय पर संचालित पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र अजमेर 4 मार्च 2018 से निरन्तर आमजन को अपनी सेवायें दे रहा है। यहाॅ पर वर्तमान में अजमेर संभाग के चारों जिला यथा अजमेर-भीलवाडा-नागौर-टोंक के साथ-साथ पाली एवं राजसमंद संसदीय़ क्षैत्र के व्यापारी वर्ग, उद्यमी वर्ग, उच्चशिक्षा में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के साथ-साथ आमजन को पासपोर्ट सबंधी सेवाओं का आंशिक लाभ ही मिल रहा है, लेकिन वर्तमान आवश्यकताओं को मध्यनजर रखते हुए उक्त पासपोर्ट सेवा केन्द्र अजमेर में तत्काल पासपोर्ट, पीसीसी की सुविधा, सत्यापित करने वाले सक्षम अधिकारी के अभाव आदि के साथ-साथ अन्य विभागीय सेवाओं का समग्र लाभ उक्त भी वांछित वर्गो को नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान मे राजस्थान प्रदेश में रीजनल पासपोर्ट अधिकारी जयपुर के अधीन चार स्थानो पर यथा- जयपुर-जोधपुर-उदयपुर एवं सीकर में ही पूर्ण पासपोर्ट सेवा केन्द्र संचालित है और अजमेर में संचालित पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवाकेन्द्र का कार्यभार प्रदेश के अन्य जिला मुख्यालयों पर संचालित पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र से अधिक है। अतः अजमेर (राजस्थान) संभाग मुख्यालय पर वर्तमान में संचालित पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र अजमेर को आगामी विभागीय कार्य योजनाओं के अन्तर्गत पूर्ण पासपोर्ट सेवा केन्द्र में क्रमोन्नत कराने की सक्षम विभागीय स्वीकृती जारी कराकर मुझे अनुग्रहित करावें, ताकि अजमेर-भीलवाड़ा-नागौर-टोंक-पाली-राजसमंदआदि संसदीय क्षेत्रों के वाशिंदों को उक्त पूर्ण पासपोर्ट सेवा केन्द्र अजमेर का समुचित लाभ मिल सके।